इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में मनाया हिन्दी दिवस

ग्राहक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है हिन्दी

चेन्नई. इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में हाल ही हिन्दी दिवस मनाया गया। अध्यक्षता इंडियन बैंक की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुश्री पद्मजा चुन्दुरु ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा हिन्दी एक लोकप्रिय भाषा है, यह ग्राहक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि इंडियन बैंक ने हमेशा राजभाषा हिन्दी को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे सब हिन्दी सीखें और अपने काम-काज में इसका प्रयोग करें। उन्होंने इंडियन बैंक की वेबसाइट पर एक विशेष राजभाषा वेब पेज का अनावरण किया जिसके माध्यम से राजभाषा संबंधी जानकारी एवं सूचनाएं प्राप्त की जा सकेंगी। साथ ही स्टाफ सदस्यों के लिए 'बैंकर-ग्राहक संवाद' नामक त्रिभाषी पुस्तिका और इरेश पाण्डेय द्वारा लिखित उपन्यास 'एक कहानी और' का विमोचन किया। कार्यपालक निदेशक वीवी शेणॉय ने कहा हिन्दी प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्टाफ सदस्यों में छिपी प्रतिभा उजागर होती है और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रेरणा और प्रेम के माध्यम से राजभाषा हिन्दी के प्रसार पर जोर दिया और कहा इसके लिए तकनीकी का अधिकाधिक सहयोग लिया जाए।

महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा) पीसी दास ने कहा हिन्दी एक दूसरे से जोड़ती है। हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारी जिम्मेदारी है। इंडियन बैंक अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने में प्रशिक्षित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करता है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यर् म भी हुआ। साथ ही हिन्दी माह के दौरान स्टाफ सदस्यों एवं उनके बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक चंद्रा रेड्डी, विविध अंचलों के प्रमुख, महाप्रबंधक, कार्यपालक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्रिका Tue, 01 October 2019
epaper.patrika.com/c/44224460